# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

## कौटिल्य नगर, पटना–14

**संविदा के आधार पर कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के 06 रिक्त पदों पर नियोजन के लिये दिनांक–30.08.2024 को आयोजित अंतर्वीक्षा सह चयन समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

---

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 के तहत संविदा के आधार पर कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के 06 पद पर नियोजन के लिये समाचार पत्रों में दिनांक–04.07.2024 तथा 24.07.2024 को विज्ञापन प्रकाशित कराया गया। उपर्युक्त 6 पदों का विवरण निम्नवत है:–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | – 1 पद |
| (ii) | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | – 1 पद (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की महिला को अनुमान्य) |
| (iii) | गैर आरक्षित अर्थात अनारक्षित | – 2 पद (1 पद गैर आरक्षित वर्ग की महिला को अनुमान्य) |
| (iv) | अनुसूचित जाति | – 1 पद (अनुसूचित जाति की महिला को अनुमान्य) |
| (v) | पिछड़ा वर्ग | – 1 पद (पिछड़ा वर्ग की महिला को अनुमान्य) |

2. समाचार पत्रों में प्रकाशित उपर्युक्त विज्ञापन के विरूद्ध आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 25.07.2024 तक कुल–13 आवेदन प्राप्त हुआ। सभी आवेदकों को अंतर्वीक्षा हेतु बुलाया गया।

3. उपर्युक्त पद पर नियोजन के लिये अंतर्वीक्षा की तिथि की सूचना, ज्ञापांक–एच0क्यू0 3198 दिनांक–13.08.2024 से निगम के वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी एवं सभी अभ्यर्थी को इसकी सूचना ई–मेल से एवं दूरभाष पर भी दी गयी।

4. नियोजन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाये रखने के उद्देश्य से आवेदकों के दस्तावेजों की जांच हेतु कार्यालय आदेश सं0–330/2024 दिनांक–29.08.2024 से समिति का गठन निम्नवत किया गया:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री विद्या भूषण, कार्यपालक अभियन्ता(मोनेटरिंग) | – | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अरूण कुमार,सहायक वास्तुविद, | – | सदस्य |
| 3. | श्री मो0 मुस्ताक अंसारी,कनीय अभियन्ता, | – | सदस्य |
| 4. | श्री जितेन्द्र गिरि,निजी सहायक | – | सदस्य |

5. उपर्युक्त पदों पर नियोजन के लिये, कार्यालय आदेश सं0–310/2024 दिनांक–13.08.2024 के द्वारा अंतर्वीक्षा समिति का गठन निम्नवत किया गया :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस महानिदेशक सह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम | – | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य अभियंता, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम | – | सदस्य |
| 3 | कार्यपालक अभियंता,पटना प्र0 बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम | – | सदस्य |
| 4 | संरचना परामर्शी, श्री मुन्द्रिका साहू), बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम | – | सदस्य |
| 5 | वास्तुविद बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम | – | सदस्य |

31/8/24 31/8/24 31/8/24



Scanned with OKEN Scanner

6. अंतर्वीक्षा हेतु कुल–11 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। विज्ञापित उपर्युक्त पद, कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के पद पर नियोजन के लिये अंतर्वीक्षा समिति द्वारा वांछित कोटि के अभ्यर्थियों की अनुशंसा अंतर्वीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर निम्नवत की गयी :–

| | |
|---|---|
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग– | 1. श्री नवल किशोर सिंह, पिता–स्व0 रघुनाथ सिंह [प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का कोई उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने के कारण इस रिक्ति के विरूद्ध अनारक्षित वर्ग के श्री नवल किशोर सिंह के चयन की अनुशंसा की गयी] |
| गैर आरक्षित अर्थात अनारक्षित वर्ग– | 1. श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, पिता– विरेन्द्र कुमार<br>2. श्री मनोज कुमार सिंह, पिता–श्री सत्यनारायण प्रसाद सिंह [प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार गैर आरक्षित अर्थात अनारक्षित वर्ग की कोई महिला उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने के कारण इस रिक्ति के विरूद्ध अनारक्षित वर्ग के श्री मनोज कुमार सिंह के चयन की अनुशंसा की गयी] |
| पिछड़ा वर्ग– | 1. श्री मनोज कुमार, पिता–स्व0 शंकर दयाल सिंह |

अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के रिक्तियों के विरूद्ध आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

Anandan 31/8/24 — वास्तुविद,

31/8/24 — संरचना परामर्शी,

31/8/24 — कार्यपालक अभियंता पटना प्रमण्डल

31/8/24 — मुख्य अभियन्ता

31/8/24 — पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

ज्ञापांक 1ta 3678 पटना, दिनांक 31/8/2024

प्रतिलिपि :– सचिव, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। इस कार्यवाही को निगम के वेबसाईट पर प्रकाशित की जाय।

31/8/24

पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक।



Scanned with OKEN Scanner